तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4
1007 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग, प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटी में बंद




**खबर संक्षेप**

### दैनिक मजदूर की सेवाएं की गई समाप्त

**कोरबा।** प्राथमिक स्तर आदिवासी बालक आश्रम तुमान विकासखंड करतला में दैनिक मजदूरी पर कार्यरत प्रतिपाल सिंह कंवर द्वारा शराब के नशे में ड्यूटी पर उपस्थित होने के कारण उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्राथमिक स्तर आदिवासी बालक आश्रम तुमान विकासखंड करतला में दैनिक मजदूरी पर कार्यरत प्रतिपाल सिंह कंवर शराब का सेवन करके ड्यूटी पर उपस्थित होते हैं एवं कभी-कभी नशे की हालत में बच्चों के बिस्तर पर सो जाते हैं। उन्हें कई बार समझाईस देने के बाद भी उनके कार्यशैली में सुधार नहीं होने तथा आश्रम के बच्चों पर विपरित प्रभाव पड़ने को ध्यान में रखते हुए प्रतिपाल सिंह कंवर की सेवाएं समाप्त कर दी गई है।

### हाथियों ने दो ग्रामीणों के मकान को किया ध्वस्त

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल में हाथी लगातार उत्पात मचा रहे हैं। पसान रेंज में लगभग 54 हाथी एक सप्ताह से विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों ने गौरेला ढांढ बस्ती में प्रवेश कर दो मकान को तहस-नहस कर दिया। भयभीत ग्रामीण जंगली हाथियों से बचने के लिए अपनी रात कहीं ना कहीं छिपकर बिता रहे हैं। बताया जाता है की बस्ती में सामुदायिक भवन पिछले 10 वर्षों से अधूरा पड़ा है। स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए नींव खोद कर छोड़ दी गई थी। इस अंधेरे के कारण जंगली हाथी गांव में प्रवेश करते हैं तो दिखाई नहीं देते। भयभीत ग्रामीणों को वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी हाथी से दूर रहने और जंगल की तरफ ना जाने की सलाह देते हैं।

## पुलिस आज विधिवत मामले का करेगी खुलासा

# लूटपाट के तीन अलग-अलग मामलों में गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के डिंडोरी में पुलिस ने दी थी दबिश

जिले के अलग-अलग क्षेत्र में लूटपाट की तीन अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के सदस्यों को पकड़ने में पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने मध्यप्रदेश के डिंडोरी में दबिश देकर आरोपियों को धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने सामान भी जप्त किया है। हालांकि पुलिस ने इस मामले का अधिकृत खुलासा नहीं किया है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस इस मामले का आज खुलासा कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत लूटपाट के तीन अलग-अलग घटनाएं सामने आए थे। जिसको मुख्य रूप से दर्री के सीमा सुमेधा पुल पर 22 सितंबर को लूटकांड की घटना घटित हुई थी जिसमें बांकीमोगरा निवासी अमित सिंह से बाइक, पैसा, मोबाइल और सारा समान लुट कर अमित को पुल के नीचे फेकने की कोशिश की गई थी, जिसके शिकायत के लिए पीड़ित को दोनों थाना को चक्कर काटना पड़ा था बाद में दर्री थाना में शिकायत दर्ज की गई थी। पहली घटना को अंजाम देने के तुरंत बाद बलगी में स्कूटी से आ रही महिला के साथ लूटपाट का जिसकी शिकायत दर्री थाना में दर्ज कराई गई थी। तीसरी वारदात पेट्रोल टंकी में लुट किया गया जिसकी शिकायत दर्री थाना में दर्ज कराई गई थी। लूटपाट के तीनों मामलों को सुलझाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर व दर्री पुलिस की टीम मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। इस बीच मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के डिंडोरी से गिरफ्तार किया गया है, ये तीनों आरोपी दर्री प्रगति नगर के बताए जा रहे है। अब तक कुल 8 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है जिनमें दो नाबालिक है, इनके से कुछ आरोपी आदतन चोर बताए जा रहे है जो आए दिन ऐसी चोरियों की घटनाओं को अंजाम देते है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले का खुलासा नहीं किया है। फिलहाल पुलिस बुधवार को इस मामले का खुलासा करेगी।

# बिजली खंभे को टक्कर मारकर पलटा ट्रेलर, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर।

गेवरा खदान से कोयला लेकर पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा जा रही एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे लगे विद्युत पोल को ठोकर मारते हुए पलट गई। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। धटना का सुखद पहलू यह रहा कि इस हादसे में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आयी।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 डी 6797 दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत गेवरा खदान से बीती रात को लगभग 10 बजे कोयला लोड कर पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के नैला वाशरी के लिए रवाना हुई थी। ट्रेलर लगभग 11 बजे दीपका हरदीबाजार बायपास रोड अमगांव के समीप पहुंची थी कि तेज रफ्तार ट्रेलर अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे विद्युत पोल को ठोकर मारते हुए ट्रेलर पलट गई। हादसे के बाद ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां ट्रेलर मालिक को हादसे की सूचना दी गई। बताया जाता है कि उक्त ट्रेलर पांडे रोडलाइंस का बताया जा रहा है।

# वेतन भुगतान व बोनस की मांग को लेकर ठेका श्रमिकों ने शुरू किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- जेवीजी बायलॉज के सर्वेश्वरी इंटरप्राइजेज का मामला


प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

कोयला खनन में कार्यरत जेवीजी बायलॉज की ठेका कंपनी सर्वेश्वरी इंटरप्राइजेज में कार्यरत कर्मचारियों ने मंगलवार को बोनस और बकाया वेतन की मांग को लेकर काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दिया है। ठेका श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें पिछले तीन वर्षों से बोनस के नाम पर आश्वासन का झुनझुना थमाया जा रहा है। समय पर वेतन का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।

आंदोलनरत ठेका श्रमिकों का कहना है कि कंपनी में करीब 105 कर्मचारी डंपर मेंटेनेंस का कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जाता और न ही पीएफ का भुगतान नियमित रूप से हो रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि दशहरा दीपावली के मौके पर कंपनी द्वारा बोनस देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया। पिछले तीन वर्षों से मजदूरों को बोनस के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिया जाता रहा है। नाराज मजदूरों ने बताया कि वे पिछले चार सालों से इस कंपनी में कार्यरत हैं, लेकिन लगातार समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में प्रतिमाह 10 से 12 तारीख तक भुगतान किया जाना और लंबित वेतन का तत्काल भुगतान शामिल है। कर्मचारियों ने कहा कि समय पर वेतन न मिलने से उनके त्योहारों की खुशियां फीकी पड़ गई हैं। हड़ताल पर बैठे मजदूरों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जातीं, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे।


AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यथी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113



Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA MAKERS
Own your real asset.


A NEW ADDRESS OF LUXURY AND LIFESTYLE
New Town
Own it!
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of
DEVELOPED PLOTS and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
SPECIAL FEATURES & WORLD-CLASS AMENITIES
Discover a township that is built to inspire and designed to last. Every feature is carefully curated to provide you with comfort, security and joy.
Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages


TO AVAIL PRE-LAUNCH OFFER, CALL:
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

## खबर संक्षेप



### भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ाया युवक, गया जेल

**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब मुखबिर की सूचना पर टीम ने न सिर्फ एक नशे के कारोबारी को पकड़ा बल्कि उसके पास से 1 लाख 75 हजार कीमत के 178 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा नशेड़ियों एवं नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बीती रात क्षेत्र में गश्त करने के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि दर्रीपारा निवासी सूरज यादव बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएच 0906 से हर्रा टिकरा पुलिया मेडिकल कॉलेज के समीप भारी मात्रा में इंजेक्शन का सप्लाई करने वाला है। सूचना पर तत्काल उड़नदस्ता टीम ने मेडिकल कॉलेज हर्रा टिकरा पुलिया के पास घेराबंदी कर बाइक सवार युवक को पकड़ा। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम सूरज यादव बताया जिस पर टीम ने उसके पास रखे बैग की तलाशी ली तो बैग से 1 लाख 75 हजार कीमत के 178 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने बाइक सहित नशीले इंजेक्शन को जब कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता सक्रिय रहे।

### मंदिर में पूजा करने गई महिला के गले से चोरों ने पार किया सोने का लॉकेट

**अम्बिकापुर।** बौरीपारा हार्डवेयर गली निवासी अर्चना केसरी पति सुनील केसरी (35 वर्ष) सोमवार की शाम परिवार के साथ पूजा करने गई थी। पूजा करने के दौरान ही चोरों ने महिला के गले से सोने का लॉकेट पार कर दिया। घटना की जानकारी तब लगी जब महिला पूजा कर बाहर निकली तो देखा गले में 28 हजार कीमत के जीवतिया लॉकेट नहीं है। काफी खोजबीन के बाद जब लॉकेट का पता नहीं चला तो घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की।

### बिजली बिल बढ़ोत्तरी को लेकर युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**रामानुजगंज।** युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेशभर में भाजपा सरकार द्वारा की गई बिजली बिलों में अत्यधिक बढ़ोतरी और लगातार हो रही बिजली कटौती के खिलाफ युवा कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह के मार्गदर्शन में विजयनगर एवं महावीरगंज क्षेत्र के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महावीरगंज बिजली कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल की प्रतियों को जलाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान मिखाएल एक्का, नीरज गुप्ता, इंतखाब अंसारी, सुमंत यादव, राजेश गुप्ता, राजू अंसारी, अशफाक अंसारी, सदाकत अंसारी, रवि गुप्ता, रवींद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, धीरज सिंह, गौतम सिंह, आकाश ठाकुर, हृदय सिंह, शहीद अफरीदी रज़ा, तौफीक अंसारी, कबीर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी कमेटी के सदस्य ने ली समाज प्रमुखों की बैठक

**अंबिकापुर।** अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी ने सरगुजा आगमन पर जैन मैत्री संघ ने सर्किट हाउस में उनका स्वागत किया। इसके साथ ही कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अल्पसंख्यक समुदाय की बैठक आयोजित की गई जिसमें सदस्य प्रकाश मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय को केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता एवं योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जैन समाज के अध्यक्ष विक्रांत जैन, मनोज डागा, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि शफी अहमद, इरफान सिदकी, सिख समाज के रविन्द्र टुटेजा, पार्षद पपिंदर सिंह, ईसाई समाज के सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय को भी अपने अधिकारों के लिए जागरूक करने के केंद्र सरकार की योजना के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना काफी महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री धुर्वे द्वारा योजना के अंतर्गत किस योजनाओं के लिए किए जाने वाले आवेदनों की जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने अल्पसंख्यक समुदाय को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस बैठक के पश्चात प्रकाश मोदी ने जैन मंदिर में उपस्थित होकर सभी जैन समाज के लोगों को सम्बोधित किया।

#### डीएमएफ से दो माह पूर्व जारी हुआ था निर्माण के लिए फंड

# नए स्कूल भवन निर्माण के लिए फंड स्वीकृति के बाद भी काम नहीं हुआ शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते चार माह से जिले के ग्रामीण अंचलों के जर्जर स्कूलों के स्थान पर नया भवन निर्माण हेतु डीएमएफ से फंड जारी होने के बाद अधिकांश क्षेत्रों में नये भवन का निर्माण शुरु ही नहीं हो सके हैं। फंड मिलने

**खास बात**

- तीन सौ स्कूल ऐसे जिनकी जगह बनना था नया भवन




के बाद भी नए भवन के निर्माण को लेकर उदासीनता बरते जाने से चार माह केवल दिशा निर्देशों में ही गुजर गए और नए भवन की सौगात नहीं मिल सकी है। तीन सौ ऐसे स्कूल हैं जो जर्जर हैं।

जर्जर स्कूलों को डिस्मेंटल कर उसकी जगह नये भवन बनाए जाने की कार्ययोजना जिला प्रशासन ने बनाते हुए इसके लिए डीएमएफ से एक बड़ी राशि स्वीकृत करते हुए शिक्षा विभाग को सभी विकासखंड मुख्यालय से जर्जर स्कूलों की जानकारी संकलित करने के निर्देश दिये थे। उस निर्देश का असर ऐसा हुआ कि बीते डेढ़ माह तक सभी विकासखंड मुख्यालय से जानकारी ही नहीं पहुंची और जब बारिश शुरु हुई तो निर्माण को लेकर नया निर्देश जारी कर बारिश के बाद काम शुरु करने कहा गया। अब तक ऐसे जर्जन स्कूलों के लिए डीएमएफ से फंड जारी होने के बाद निर्माण में रुचि नहीं लेने के कारण जिला और ब्लॉक मुख्यालय कार्यालय की उदासीनता नजर आती है। प्रधानपाठकों और स्कूल के प्राचार्यों से इस संबंध में जानकारी मांगी गई है वह भी आधी अधूरी है।

**बड़े स्कूलों में बाउंड्रीवाल की दरकार**

कटघोरा विकासखंड से लेकर पोड़ी उपरोड़ा और कोरबा विकासखंड के कई बड़े स्कूल ऐसे हैं जहां शिक्षक विभाग के द्वारा बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं कराया गया है। इसके पीछे जमीन आबंटित नहीं होना बताया गया है। कोरबा विकासखंड के भुलसीडीह, चुहिया, अजगरबहार ऐसे बड़े स्कूल हैं जहां बाउंड्रीवाल की दरकार बनी हुई है। इसी तरह कटघोरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाला नदियाखार का प्रायमरी स्कूल सड़क के किनारे संचालित हो रहा है। गेरवाघाट पुल में जब एप्रोच रोड का निर्माण शुरु हुआ तक इसकी चौड़ीकरण के लिए स्कूल के बांउड्रीवाल तोड़ दी गई थी और अब स्कूल के ठीक सड़क किनारे संचालित होने से बच्चों को हादसे का खतरा बना हुआ है।

**प्राचार्य के लिए कक्ष नहीं**

सबसे मजेदार वाक्या अजगरबहार हायर सेकेंडरी स्कूल का सामने आया है। जहां स्कूल के प्राचार्य के लिए कक्ष ही नहीं है। पुराने भवन के एक कमरे में प्राचार्य कार्यालय संचालित किया जा रहा है। जबकि आदिमजाति कल्याण विभाग के छात्रावास के साथ अधीक्षक का कमरा खाला पड़ा हुआ था। प्राचार्य के द्वारा खाली कमरे को प्राचार्य कार्यालय के लिए मांगा गया था किंतु सहायक आयुक्त ट्रायबल विभाग के द्वारा उक्त कमरे को तहसीलदार के सुपुर्द कर दिया गया है। अजगरबहार तहसील मुख्यालय होने के बाद अब तक तहसीलदार के लिए कोई नया भवन नहीं बन सका है। स्कूलों की स्थिति यह है कि प्रायमरी से लेकर हाई स्कूल भवन भी बारिश में सीपेज कर रहे थे, कई कमरों में बच्चों के बैठने के लिए समस्या खड़ी हो गई थी।



सद्भावना दुर्गा उत्सव समिति ढेलवाडीह।



अंजोरीपाली भैसमा में विराजित मां दुर्गा।



बाजार चौक भैसमा में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा।

# स्वस्थ मां दिवस पर आयोजित शिविरों में 9047 हितग्राहियों की स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में में शिविर लगाकर हितग्राहियों का स्वास्थ्य जॉच किया जा रहा है तथा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, पोषण आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विकासखण्डों में सोमवार स्वस्थ माँ दिवस थीम पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया साथ ही साथ ही घंटाघर में आयोजित रामलीला, गरबा मैदान स्वास्थ्य विभाग की कॉलोनी, दशहरा मैदान, एनटीपीसी, लाल मैदान सीएसईबी में उपस्थित महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों का



स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

स्वास्थ्य जॉच किया गया जिसमें नौ हजार 47 लोगों की विभिन्न बिमारियो की स्क्रीनिग किया गया। एनसीडी से संबंधित हायपरटेंशन के 5 हजार 20, शुगर के 4 हजार 890, कैंसर (ओरल,ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल) के 4 हजार 401 की जॉच किया गया। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 593 गर्भवती महिला, चार हजार 583 महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों का एनिमिया जॉच तथा 103 बच्चों को टीकाकृत किया गया। क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तीन हजार 744 लोगों की स्क्रीनिग किया गया तथा 38 लागों को निक्षय मित्र बनने मोटीवेट कर पंजीकृत किया गया। सिकल सेल जॉच अभियान के तहत कुल एक हजार 347 लोगों का सिकल साल्युबिलिटी जॉच किया गया तथा आयुष्मान भारत अभियान के तहत 13 लोगों का वयवंदन कार्ड बनाया गया। कलेक्टर अजीत वसंत तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, महिलाओं तथा किशोरियों से आग्रह किया है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगने वाले स्वास्थ्य शिविरों में उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य जॉच कराएं।

### महतारी वंदन योजना का लाभ लेने 8 तक करानी होगी केवाईसी

**कोरबा।** राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लाभ ले रहीं महिलाओं के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दी गई है। सभी पात्र हितग्राहियों को 8 अक्टूबर तक ई-केवायसी पूर्ण कराना आवश्यक है। जिले में वर्तमान में करीब 1.89 लाख महिलाएं इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रही हैं। सरकार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिन महिलाओं ने खाद्य विभाग (राशन कार्ड) के लिए पहले से ई-केवायसी करवा ली है, उन्हें दोबारा कराने की आवश्यकता नहीं है। बाकी सभी महिलाओं को निकटतम सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में जाकर निःशुल्क ई-केवायसी करवानी होगी। कोई भी अतिरिक्त शुल्क सीएससी सेंटर द्वारा नहीं लिया जाएगा। यदि किसी केंद्र पर अनावश्यक शुल्क मांगा जाता है, तो उसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन या संबंधित विभाग में की जा सकती है। लाभ की निरंतरता बनाए रखने के लिए सभी हितग्राहियों से समयसीमा के भीतर ई-केवायसी कराने की अपील की गई है।

## बीएड द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 5 अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएड (बैचलर ऑफ एजुकेशन) पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पहले चरण की काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही मंगलवार 30 सितंबर को रिक्त सीटों की जानकारी जारी कर दी गई है। बुधवार एक अक्टूबर को द्वितीय चरण शुरू होने के साथ ही पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी, जिसके लिए 5 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। अभ्यर्थी एससीईआरटी की वेबसाइट में काउंसलिंग के लिए प्रक्रिया शुल्क का भुगतान कर चॉइस फार्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। जिले के प्रथम एवं सबसे पुराने कमला नेहरू महाविद्यालय में 100 सीट पर भी बीएड पाठ्यक्रम संचालित है। प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने बताया कि उच्च शिक्षा के उत्कृष्ट इंतजाम एवं उम्दा शैक्षणिक वातावरण से लैस कमला नेहरू महाविद्यालय में वह सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं जो विद्यार्थियों के बेहतर कल के निर्माण के लिए लाजमी है। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा है कि निर्धारित तिथि में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर महाविद्यालय में अपनी सीट सुरक्षित करा लें। द्वितीय चरण में पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म एक से 5 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं।

# कार्यशाला संगठन की मजबूती और नए भारत निर्माण की दिशा में सार्थक पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



भारतीय जनता पार्टी मंडल भिलाईबाजार द्वारा जीएसटी सुधार एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर कार्यशाला बस स्टैंड भिलाईबाजार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चुलेश्वर राठौर मुख्य वक्ता व जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कोरबा ने कहा जीएसटी सुधार केवल कर प्रणाली का सरलीकरण नहीं है, बल्कि एक देश–एक बाजार की सोच को साकार करने वाला ऐतिहासिक कदम है। इससे व्यापार जगत को पारदर्शिता मिली है और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का संकल्प है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार के नए अवसरों की रीढ़ बन रही हैं। कार्यकर्ताओं से मेरा आग्रह है कि वे इस संदेश को गाँव-गाँव और घर-घर तक पहुँचाएँ, ताकि हर नागरिक इस बदलाव से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर हेमंत तिवारी मंडल महामंत्री, हुलेश राठौर मंडल उपाध्यक्ष, रथलाल पाटले मंडल उपाध्यक्ष, सचिन राठौर युवा मोर्चा मंडल महामंत्री, ललित मोहन राजवाड़े मंडल मंत्री, मणि शंकर पाटले, राजकुमार नामदेव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निजी भूखण्डों की गंदगी, स्वच्छता को कर रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शहर में रिक्त निजी भूखण्डों में पसरी गंदगी पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित भूखण्ड मालिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन भूखण्डों के मालिकों से चर्चा की और कहा कि रिक्त भूखण्डों की गंदगी शहर की स्वच्छता को प्रभावित कर रही है एवं शहर को साफ-सुथरा रखने की दिशा में निगम द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों को भी झटका लग रहा है। इसलिए इन भूखण्डों की सफाई कराएं, भूखण्डों को सुरक्षित स्वरूप देते हुए यह देखें कि वहां पर पुनः गंदगी न फेंकी जाए।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपने भ्रमण के दौरान रविशंकर नगर जोनांतर्गत विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, कालोनियों, मुख्य व संपर्क सड़कों का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो का जायजा लिया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के द्वारा नियमित रूप से अधिकारियों की टीम के साथ निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों, वार्ड व बस्तियों का भ्रमण कर साफ-सफाई व नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुक्त श्री पाण्डेय रविशंकर नगर के वार्ड क्र. 26 की विभिन्न कालोनियों, आवासीय क्षेत्रों, मुख्य मार्गों व संपर्क सड़कों आदि में पैदल भ्रमण करते हुए वहां की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवासीय क्षेत्रों में रिक्त निजी भूखण्डों में पसरी गंदगी पर उन्होने अप्रसन्नता व्यक्त की तथा संबंधित भूखण्ड स्वामियों को नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुड़ापार हेलीपेड के समीप जिला खनिज न्यास मद से लगभग 19 लाख रूपये की लागत से विजिटल रूम का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य प्रगति पर एवं अंतिम चरण में है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्थल पर पहुंचकर विजिटल रूम के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा कार्य में आवश्यक तेजी लाते हुए जल्द से जल्द कार्य को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों के दिए।



सफाई कार्यों का निरीक्षण करते निगम आयुक्त।

# डीएसपीएम के मुख्य अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएसपीएम के द्वारा सेवा पर्व के अवसर पर मुख्य चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, सुनील सरना, विजय कुमार सेन चौधरी, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के आतिथ्य में किया गया। जिला मेडिकल अस्पताल से डॉ. तारूल कर्ष एवं चिकित्सीय स्टाफ का अति. मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सीपी जायसवाल एवं चिकित्सकीय सलाहकार डॉ. खरे उपस्थित थे। रक्तदान शिविर में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुनील सरना ने कहा कि दूसरों के रक्त से जब बचती है जब अपनो की जान, तब समझ में आता है क्या होता है रक्तदान। इस रक्तदान शिविर में सीएसईबी कोरबा पूर्व के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। डॉ. खरे ने रक्तदान को महादान बताया एवं रक्तदान के फायदे भी बताये जैसे की रक्तदान से हृदयघात और ब्रेनस्ट्रोक का खतरा कम होता है, रक्त दान के बाद शरीर में नयी लाल कोशिकाएं बनती है, जिससे रक्त ताजा और सक्रिय होता हैं। इस अवसर पर डॉ जेपी सोनी वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, डॉनिरंजना गवेल चिकित्साधिकारी एवं चिकित्सीय स्टाफ उपस्थित रहे।




रक्तदान शिविर में उपस्थित कर्मचारी।

### राष्ट्रीय राजमार्ग 149बी में उखड़ने लगा डामर

**मड़वारानी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 149बी जो चाम्पा से कटघोरा तक बना है जिसमें प्रथम चरण में चाम्पा से उरगा तक का निर्माण कार्य संपूर्ण की ओर है पर अभी शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हुआ है। कोरबा चाम्पा रोड में स्थित बरपाली के पास रोड़ गड्ढे हो गई है। इसे देखने मे ही लग रही हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के ठेकेदार द्वारा रोड़ निर्माण में गुणवत्ताहीन रोड बनाया गया है। रोड में डामर लगभग 2 दो माह मे ही डामरीकरण उखड़ने लगे हैं। यह ठेकेदार की गोर लापरवाही बरतने से रोड निर्माण में की गई डामरीकरण उखड़ लगी है। जिसमें भारी अनियमितता देखने को मिला रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 149बी चाम्पा से कोरबा रोड़ स्थित बरपाली के पास डामरीकरण उखड़ने लगी है। निर्माण एजेंसी के द्वारा शासकीय नियम को दरकिनार करते हुए कार्य किया गया है।



## हृदय रहेगा स्वच्छ तो आप रहेंगे स्वस्थः डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व हृदय दिवस पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, आरोग्य भारती एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका में सभी प्रकार के हृदय रोगों के अलावा स्त्री पुरुषों एवं बच्चों के सभी सभी प्रकार के हृदय रोगों के अलावा स्त्री पुरुषों एवं बच्चों के सभी प्रकार के सामान्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों हेतु निःशुल्क आयुर्वेदिक, नेचुरोपैथी, पंचकर्म, षटकर्म, योग एवं ग्रह चिकित्सा परामर्श उपचार तथा



निःशुल्क इसीजी जांच एवं सीपीआर थेरेपी सावित्री आसन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ चिकित्सकों एवं शिविर्थियों ने भारत माता एवं आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवंतरी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। संस्थान के प्रमुख चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने उपस्थित लोगों अपने हृदय की विशेष देखभाल करने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि आप अपने हृदय का ध्यान रखेंगे उसे स्वच्छ रखेंगे तो आपका हृदय भी आपका ध्यान रखेगा।

## खबर संक्षेप



### पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह ने की पूजा अर्चना

**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, दुर्गा सप्तमी के दिन बालको नगर क्षेत्र में विराजमान मां दुर्गा प्रतिमा स्थलों पर पहुंचे और मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। श्री अग्रवाल ने बालको नगर के साथ जिलेवासियों के जीवन में वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, दीर्घायु, समृद्धि, सुख-शांति, उत्त्म स्वास्थ्य एवं खुशहाली के लिए मां दुर्गा के समक्ष कामना की। इस अवसर पर पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला उद्योग संघ अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पार्षद बद्री किरण, पूर्व पार्षद गंगाराम भारद्वाज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, पंचराम आदित्य, एफडी मानिकपुरी, महेन्द्र थवाईत, केके चैकसे, राजू बर्मन, अजीत बर्मन, देवीदयाल सोनी, बुद्धेश्वर चैहान, पीयूस पाण्डेय आदि सहित बालको क्षेत्र के श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### आयुक्त ने ठेलों दुकानों में डस्टबिन रखने दिए निर्देश

**कोरबा।** नगर भ्रमण के दौरान आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने विभिन्न स्थलों पर स्थित दुकानों, स्वल्पाहार व पानठेलों आदि में डस्टबिन की उपलब्धता व आसपास की साफ-सफाई का भी अवलोकन किया, उन्होंने दुकानदारों, गुमठी, ठेला संचालकों को हिदायत देते हुए कहा कि वे अनिवार्य रूप से अपनी दुकानों में डस्टबिन रखें, उत्सर्जित कचरे को डस्टबिन में ही डालें तथा अपने ग्राहकों से भी ऐसा करने को कहें। दुकानों, ठेलों के पास कचरा बिखरे होने पर निगम द्वारा अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाएगी, अतः इससे बचने के लिए अनिवार्य रूप से कचरा डस्टबिन में ही डालें।

### विधायक एवं बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**कोरबा।** बांकीमोंगरा में सोमवार को नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के गेवरा कुसमुंडा क्षेत्र कुल 28.50 लाख की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। जिसमें वार्ड क्रमांक 20 में सामुदायिक भवन निर्माण लागत 15 लाख, वार्ड क्रमांक 21 कुसमुंडा दाई मंदिर के पास मंच निर्माण लागत 5 लाख, वार्ड क्रमांक 22 शिव मंदिर के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण लागत 5 लाख, वार्ड 28 धरमपुर, गेवरा बस्ती निर्माण कार्य लागत 3.50 लाख का भूमि पूजन किया गया। यह सभी कार्य क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं के सशक्तीकरण एवं सांस्कृतिक, सामाजिक गतिविधियों के प्रोत्साहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। इस अवसर पर कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल, मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा सहित पार्षद, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त निगम अधिकारी कर्मचारी 20 तक जमा कराएं प्रमाण पत्र

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा अपने समस्त सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों, पेंशनरों से कहा गया है कि वे जीवित प्रमाण पत्र तीन-तीन प्रतियों में 20 अक्टूबर तक नगर निगम कार्यालय स्थित स्थापना शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कराएं ताकि उनके मासिक पेंशन भुगतान में किसी प्रकार का अवरोध उपस्थित न हो। निगम के उपायुक्त व स्थापना प्रभारी पवन वर्मा ने सूचना जारी कर आगे कहा है कि निर्धारित तिथि तक जीवित प्रमाण पत्र जमा नहीं होने पर मासिक पेंशन भुगतान अवरूद्ध होने की समस्त जिम्मेदारी संबंधित सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों, पेंशनरों की स्वयं की होगी, अतः उक्त अवधि तक प्रमाण पत्र अवश्य जमा करा देवें।

### डोर-टू-डोर पहुंचकर ली सफाई कार्यों की जानकारी

**कोरबा।** आवासीय कालोनियों में डोर-टू-डोर पहुंचकर वहाँ के रहवासियों से सीधा संपर्क किया तथा उनसे निगम के सफाई कार्यो पर चर्चा की। नियमित रूप से सड़क नाली की सफाई की जाती है या नहीं, स्वच्छता दीदियाँ प्रतिदिन नियत समय पर कचरा संग्रहण के लिए उनके घर पहुंचती है या नहीं, जिसका सकारात्मक जवाब रहवासियों द्वारा दिया गया।

## निधन

### आनंदराम यादव



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार निवासी व हाईस्कूल उतरदा से सेवानिवृत्त आनंदराम यादव (70 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र रामेश्वर यादव, जगतराम, गुलशन यादव सहित नाती पोते से भरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार हरदीबाजार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिवार, समाज व गांव से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## चैतुरगढ़ मंदिर में लगा भक्तों का तांता, कई दुर्गा पंडालों में कन्या भोज कराये गये

# अष्टमी में मंदिरों में हवन और भोग भंडारे के साथ जवारा का विसर्जन



हवन में आहूति देते श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्वांर नवरात्रि का समापन मंगलवार को अष्टमी के दिन हवन आहूति के साथ हुआ। वहीं बुधवार को दुर्गा नवमीं के अवसर पर मंदिरों और पंडालों में बोये गये जवारा का विसर्जन भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। अष्टमी को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों और पंडालों में जुटी हुई थी। मां की अटूट भक्ति के इस पर्व के अष्टमी के दिन घर से लेकर मंदिरों में भी कन्याभोज कराये गये।

महाष्टमी के अवसर पर अंचल के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। कई श्रद्धालुओं ने तो मंदिर परिसर में ही भंडारे का आयोजन किये वहीं मंदिर प्रबंधन व दुर्गा पंडालों में कन्या भोग भी कराये गये। मंदिरों के साथ भक्तों ने अपने घरों में भी कन्या भोग का आयोजन किया। मां सर्वमंगला मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की प्रतिदिन कतार लगी रही। अष्टमी के दिन यह भीड़ अन्य दिनों के अपेक्षा ज्यादा नजर आयी मंदिर प्रांगण में ही श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन भी किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्र और ग्रामीण अंचलों में भी अष्टमी के दिन हवन और भंडारा आयोजित करने के साथ ग्रामीण अंचलों के कई मंदिरों में जवारा का विजर्सन भी शाम ढलते ही गोधूली बेला में किया गया। मां सर्वमंगला मंदिर में इस अवसर पर विशेष हवन और अनुष्ठान का आयोजन किया गया। राजपुरोहित नमन पांडे ने अपने परिवार सहित वैदिक विधि-विधान से अष्टमी की पूजा-अर्चना संपन्न कराई। मंत्रोच्चार और धूप-दीप से वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। हवन कुंड में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कीं और माता से सुख-समृद्धि व मंगलकामना की प्रार्थना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर पूजन कर उन्हें भोजन और उपहार प्रदान किए। भक्तों का मानना है कि महाष्टमी के दिन मां महागौरी की आराधना से जीवन में आने वाली सभी बाधाओं का नाश होता है और सुख-शांति प्राप्त होती है। इस आस्था और विश्वास के साथ श्रद्धालुओं ने दिनभर माता की आराधना में समय व्यतीत किया।

### महाष्टमी पर जलाराम मंदिर में हुआ हवन



महाष्टमी पर संत जलाराम मंदिर, गुजराती समाज डीडीएम रोड के प्रांगण में हवन अनुष्ठान किया गया। पंडित राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने हवन कार्य संपन्न कराया। जिसमें मुख्य यजमान पीयूष राठौड़, अतुल चौहान, जेठवा ने सपत्नीक आहुतियां दी। इस मौके पर श्री गुजराती समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### गायत्री प्रज्ञापीठ में प्रतिदिन हो रहा हवन



गायत्री प्रज्ञा पीठ रजगामार में नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन गायत्री यज्ञ मंदिर में पूजा एवं हवन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामवासियों के द्वारा सम्मिलित होकर विभिन्न संस्कार कराए जा रहे हैं। शारदीय नवरात्रि पर एक ओर मां आदिशक्ति मां जगतजननी मां भवनी की आराधना, सेवा भक्ति में समूचा क्षेत्र लीन हैं। प्रतिदिन भोग भंडारा किया जा रहा है।

### महिला समिति ने किया पूजा अर्चना

**बालको।** शिव चौक बेलाकछार बालको महिला समिति द्वारा हर साल की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से माता का आठवां दिन महागौरी हल्दी माताजी में चढ़ाते हैं। इस अवसर पर महाराज गोपाल महाराज, बैग राधेश्याम यादव आदि उपस्थित थे।



### स्कूल में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी और गरबा महोत्सव

धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल बरपाली में विजयादशमी (दशहरा) और गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद झा उपस्थित हुए जिनका डायरेक्टर डॉ विवेक रंजन महतो, प्रिंसिपल दिलीप कुमार श्रीवास्तव, एकेडमिक हेड एके मिश्रा की उपस्थिति में विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान राम की जीवन लीला और रावण पर उनकी विजय को समर्पित एक प्रेरक नाटिका प्रस्तुत की गई। अतिथि प्रमोद झा द्वारा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा दशहरा हमें सिखाता है कि हमें हर दिन अपने भीतर की बुराइयों, जैसे क्रोध, अहंकार और आलस्य पर विजय प्राप्त करनी चाहिए। डायरेक्टर डॉ विवेक रंजन मेहतो द्वारा यह पर्व आत्म-मंथन और नव-सृजन का प्रतीक है। इस अवसर पर रावण दहन का आयोजन भी किया गया, जिसने सभी को नकारात्मकता को त्यागने और सकारात्मकता को अपनाने का संकल्प दिलाया। दशहरा के पावन अवसर पर, शारदीय नवरात्रि के उल्लास को दर्शाते हुए गरबा महोत्सव का भी आयोजन किया गया। यह विजयादशमी और गरबा महोत्सव न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन था, बल्कि यह हमारी युवा पीढ़ी को हमारी समृद्ध परंपराओं से जोड़ने का एक सफल प्रयास भी था।





### जनपद सदस्य ने माता रानी से लिया आशीर्वाद

**हरदीबाजार।** नवरात्रि के पावन पर्व पर जनपद पंचायत पाली क्षेत्र क्रमांक 4 के जनपद सदस्य सनिता अनिल टंडन ने हरदीबाजार बस स्टैंड में विराजमान मां आदिशक्ति जगतजननी माता रानी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सभी जनताओं की खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य व सुख समृद्धि की कामना करते हुए मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया।



### सप्तमी पर 51 महिलाओं ने किया पूजा अर्चना



**बालको।** शारदीय नवरात्रि पक्ष में सप्तमी तिथि को 51 महिलाओं यह आयोजन बहुत ही विधि विधान से सम्पन्न हुआ और सभी सुहागिन महिलाओं को माता रानी से सौभाग्य का आशीर्वाद मिला। आयोजन 5 ग्रुपों में श्रीमति आराधना तिवारी, रश्मि चौबे, श्रद्धा शर्मा, सुरुचि शर्मा और सोनल शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें नीलम शर्मा, निहारिका शुक्ला, ज्योति शर्मा, ऊषा पाण्डेय, किरण शर्मा, वीणा शर्मा, देवकी त्रिपाठी, भावना शर्मा का सहयोग रहा। द्विज महिला परिषद की सचिव श्रीमति रश्मि दुबे ने बताया कि महिला द्विज परिषद द्वारा आयोजित यह सुहगली पूजन राम मंदिर में विगत 5 वर्षों वर्षों से हो रहा है।


### शक्ति उपासना के इस पावन पर्व पर भक्ति और श्रद्धा का संगम



**हरदीबाजार।** शक्ति उपासना के पावन पर्व शारदीय नवरात्रि पर भक्ति और श्रद्धा के इस संगम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद्र पटेल ने भी डुबकी लगाई वे आदर्श ग्राम पंचायत छिन्दपुर में विराजमान माता रानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। दर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भक्तिमय वातावरण में बैठकर आत्मिक शांति की अनुभूति लिए जहां प्रणव महाराज, यजमान रामचंद्र राठौर-गायत्री राठौर, लकेश्वर साहू-संतोषी साहू, प्रमोद राठौर-खुशबू राठौर, मंडल महामंत्री प्रताप सिंह कंवर, सरपंच सकुन्ती कंवर, जिला कार्यसमिति सदस्य कृष्णानंद राठौर, मन्नू सांई राठौर, हीराराम राठौर, रामकुमार केंवट, तुलसी साहू, रामाधार बियार, मालती जगत, धनबाई केंवट, उर्वशी राठौर, बृहस्पति केंवट, शैलेन्द्र राठौर, रोहित साहू, कुशाल बियार, विशाल बियार, लोकेश राठौर, नीतीश साहू, गजेंद्र साहू, निलेश साहू तेरस यादव, सुनील केंवट,अनिल केंवट, होरिल पाटले साथ में उपस्थित रहे।

### भगवान भोलेनाथ का मां कालरात्रि के रूप में हुआ संगीतमय आरती

**गेवरा दीपका।** शारदीय नवरात्रि के सप्तम दिवस पर दीपेश्वरी मंदिर में विशेष आयोजन हुआ। नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग पर माँ काली के रूप का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित आकाश महाराज ने भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए पुष्प अर्पित किए और दीप प्रज्वलित कर पूजा संपन्न कराई। सैकड़ों भक्तों की मौजूदगी में ढोल-नगाड़ों और मंजीरे की थाप पर माँ कालरात्रि की भव्य आरती हुई। श्रद्धालु भक्त भाव-विभोर होकर जय जय मैया के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन मंदिर में उपस्थित होकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने माता का आशीर्वाद ले रहे हैं।



# दीपका क्षेत्र में गरबा डांडिया का आयोजन



गरबा डांडिया करती महिलाएं एवं युवतियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

शारदीय नवरात्र पर्व पर कोयलांचल क्षेत्र गेवरा दीपका में इस बार श्रद्धा और भक्ति के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। यहां गरबा-डांडिया महोत्सव की धूम है और जहाँ देखो वहाँ भक्तिमय वातावरण नजर आ रहा है। माँ दुर्गा की आराधना में सजे मंच, जगमगाती रोशनियों से गरबा की थिरकती तालों पर झूमते श्रद्धालु भक्त पूजा पंडालों में नजर आ रहे है ।

प्रगति नगर श्रमवीर स्टेडियम में इस वर्ष पंखिड़ा दीपका का भव्य आयोजन हो रहा है। यहाँ पारंपरिक गरबा और आधुनिक प्रस्तुतियों का संगम लोगों को आकर्षित कर रहा है। सजावट, लाइटिंग और शानदार मंच देखकर हर कोई अभिभूत हो रहा है। वही सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति प्रतीक्षा बस स्टैंड दीपका में आयोजन समिति द्वारा मेला भी लगाया हुआ है जहां बच्चों को स्वस्थ मनोरंजन करने के लिए झूला ,खिलौने ,बुटीक आइटम और फूड स्टालो में लोगों भीड़ नजर आती है ।जिसकी रौनक देखते ही बनती है। बुधवारी बाजार गेवरा में बंगाली समाज के द्वारा दुर्गा पूजा उत्सव बड़े धूमधाम से मनाते हैं यहां बंगाली समाज की युवतियों और महिलाओं के द्वारा धुनुची नृत्य का आयोजन किया जाता है। जिसकी तैयारी कई दिनों पहले से की जा रही है। दुर्गा पूजा समिति शक्तिनगर में भी आयोजन समितियों ने भी गरबा-डांडिया महोत्सव को पूरी श्रद्धा और धूमधाम से आयोजित किया है। हर आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल होकर माँ दुर्गा की भक्ति में लीन हो रहे हैं। अलग-अलग थीम पर सजे मंचों और भक्तिमय गीतों पर आधारित गरबा की प्रस्तुतियों ने वातावरण को और भी आकर्षक बना दिया है। आजाद चौक दीपका में पूजा समिति द्वारा दुर्गा माता की प्रतिमा प्रथम दिवस से स्थापित कर पूजा अर्चना कर रहे हैं यहां भागवत कथा का भव्य आयोजन नवरात्र से प्रारंभ किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं श्रद्धालुओं उपस्थित हो रहे है। इस बार दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दीपका क्षेत्र की सामूहिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना का उत्सव बन गया है। चाहे प्रगति नगर का पंखिड़ा दीपका हो या बस स्टैंड, बुधवारी बाजार और शक्तिनगर में हो रहे आयोजन सभी मिलकर इस बार दीपका को गरबा का प्रमुख आकर्षण का केंद्र बिंदु बना दिया हैं।

# ग्रामीण अंचल में पहली बार गरबा नृत्य का आयोजन



गरबा नृत्य के दौरान उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शारदीय नवरात्रि पर एक ओर मां आदिशक्ति मां जगतजननी मां भवनी की आराधना, सेवा भक्ति में समूचा क्षेत्र लीन हैं। समितियों द्वारा उमंग उत्साह प्रतिभा निखारने जैसे डांस, रंगोली प्रतियोगिता, जस जागरण, आर्केस्ट्रा झांकी व गरबा का आयोजन कर मानो माता रानी के आगमन पर नवरात्रि आराधना व साधना ही नहीं अपितु एक उत्साह, उल्लास की प्रेरणादायक है। इसी कड़ी में शारदीय नवरात्र आरंभ से ही ग्राम रेंकी में गरबा की धूम है, जिसमें गांव की बड़ी संख्या में बच्चे व युवतीयां शामिल होकर प्रतिदिन शाम से मध्य रात्रि तक गरबा नृत्य करती है। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल गरबा महोत्सव में शामिल हुई। विधायक श्री पटेल ने मतारानी का दर्शन लाभ कर सुख-शांति समृद्धि की कामना की। इस दौरान सरपंच तिजराम उर्रे, उपसरपंच शिव यादव, हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, आकाश राठौर, रोबिन पटेल, कार्तिक, योगेश्वर, राकेश, रामकृष्णा, आजू पटेल, सुरित राम, अमित पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# आत्मनिर्भर भारत तथा जीएसटी रिफार्म पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

केन्दीय एवं राज्य के आह्वान पर भाजपा मंडल हरदी बाजार में आत्म निर्भर विकसित भारत तथा सीएसटी रिफार्म की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन कृष्णा पटेल मंडल अध्यक्ष ने दिया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता राजेंद्र राजपूत अध्यक्ष नगर पालिका दिपका रहे जिन्होंने मंडल कार्यशाला के विषय को विस्तार से रखा। मंडल कार्यशाला को अजय



कुमार दुबे जिलामंत्री, चुलेश्वर राठौर जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, नरेश टंडन पूर्व जिलामंत्री, जगदीश अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता, नवरतन सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर हीरालाल अहीर, विनोद कंवर, चंदर मरकाम, अमरनाथ कौशिक, देवनाथ यादव, राज ओग्रे, चैतराम बघेल, अनिल पटेल, मनोज, रामकुमार पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अतिथियों के साथ सभी कार्यकर्त्ताओं ने व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में जाकर जीएसटी बचत के संबंध में चर्चा किया। जेपी होंडा शोरुम पहुंच कर संचालक जगदीश अग्रवाल ने बताया कि अलग-अलग दुकानों में जाकर जीएसटी उत्सव के तहत व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में जाकर जीएसटी बचत के संबंध में चर्चा किया।

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप



### नवाचारी शिक्षक जगजीवन हुए सम्मानित

**बरपाली।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के समस्त राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक प्रत्येक विकासखंड से तीन तीन नवाचारी शिक्षकों एवं दो दो सेवा निवृत्त शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शासकीय पूमा शाला बरपाली विख करतला के नवाचारी शिक्षक जगजीवन राम कैवर्त्य को उनके द्वारा किए उत्कृष्ट कार्य, बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं नवाचार के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### खुटरीगढ़ महामाया मंदिर में सर्व यादव समाज की बैठक संपन्न



**कोरबा।** सर्व यादव समाज का जिला स्तरीय बैठक रविवार को 11 बजे आयोजित की गई थी। बैठक में सर्व यादव समाज के अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, केदार कश्यप, चंद्रमणि यादव, जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा केंद्र अध्यक्ष गणेश यादव पोड़ी उपरोड़ा की अध्यक्षता में बैठक रखा गया था। जिसमें समाज के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में पुराने रूढ़िवादी परंपराओं को हटाना शादी ब्याह, छठी, दशगात्र के नियमों का संशोधन किया गया। ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में नए पदाधिकारी का नियुक्ति किया गया। जिला अध्यक्ष नत्थू लाल यादव के द्वारा नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, फेकू राम यादव सिरमिना को संरक्षक, राजेंद्र यादव बुढ़ापारा को जोनल अध्यक्ष, जगदीश यादव बनिया को जोनल अध्यक्ष, भुजबल यादव को उपाध्यक्ष, गजेंद्र पाल यादव को जोनल अध्यक्ष, लालजी यादव को जोनल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का केंद्र संरक्षक का प्रभार दिया गया है। ग्राम पंचायत पर एक अध्यक्ष एक महिला अध्यक्ष नियुक्त करने की सलाह दिया गया। यह जानकारी सर्व यादव समाज के नवनियुक्त केंद्र अध्यक्ष गणेश यादव के द्वारा दिया गया।

### विधायक प्रेमचंद पटेल ने मरकी माता का किया दर्शन

**हरदीबाजार।** ग्राम भलपहरी (कला) के ग्राम देवी मां मरकी माता दाई विराजमान हैं जो हर नवरात्रि पर्व पर यहां मनोकामना ज्योति जावरा जलता है। नवरात्रि के छठवें दिन माता का दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल के द्वारा दर्शन कर गांव एवं क्षेत्र में सुख शांति की कामना किया। इस दौरान मरकी माता के पुजारी बैगा जगदीश (मांझी), इतवार सिंह, मनराखन पटेल के साथ गांव के नागरिक शिवरतन राठौर, गिरीश चंद्र कश्यप, छोटेलाल पटेल, कामता प्रसाद मरावी, प्रहलाद राठौर सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय प्रांतीय सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ समापन

**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएसईबी कोरबा पूर्व में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय सांस्कृतिक महोत्सव का समापन वैदिक रीति के साथ हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विद्या भारती मध्य क्षेत्र के उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर एवं अध्यक्षता सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष नानजी भाई पटेल उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में पूर्व व्यवस्थापक डॉ विकास जोशी, छत्तीसगढ़ संस्कृत बोध परियोजना के सहसंयोजक प्रेमलाल पटेल, स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार देवांगन एवं उपस्थित अन्य पदाधिकारी के रूप में संस्कृति बोध परियोजना के संयोजक अनिल वर्मा, छात्र परीक्षा संचालक अशोक देवांगन, वनांचल सेवा न्यास के प्रांत प्रमुख नरेश जायसवाल, समन्वयक दीपक सोनी, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज तिवारी सहित शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्टेट बार काउंसिल का चुनाव, सुबह से रही न्यायालय परिसर में गहमा गहमी

# 1007 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग, प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटी में बंद



मतदान के दौरान एकत्रित अधिवक्ता।



न्यायालय परिसर में लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में स्टेट बार काउंसिल के चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई जहां जिले के 4 अलग अलग स्थानों में अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और जिले से चुनाव लड़ रहे 11 अधिवक्ताओं की किस्मत मतपेटी में सील हो गई है। अब 10 अक्टूबर को मतगणना होगी जिसके बाद तय होगा कि जिले से कितने अधिवक्ता स्टेट बार के मेंबर बनेंगे।

उल्लेखनीय है कि स्टेट बार काउंसिल के लिए मंगलवार की सुबह से न्यायालय परिसर में गहमा गहमी रही और इस चुनाव के लिए जिले के 11 अधिवक्ता चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से अशोक तिवारी, रविंद्र पाराशर, बीके शुक्ला, मानसिंह यादव, निखिल शर्मा, सुरेश शर्मा, डीपी महिलांगे, अब्दुल रहमान, राजेश कुर्रे कटघोरा से शिव शंकर भारती और पाली से शशिकांत सोनकर मैदान में हैं। सभी प्रत्याशी न्यायालय परिसर में खड़े होकर अपने पक्ष में वोट अपील करते देखे गए। जहां बड़ी संख्या में अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करते देखे गए।

### पुलिस की रही चाक चौबंद व्यवस्था

स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिए सुबह से ही न्यायालय परिसर में गहमा गहमी रही और मतदान की प्रक्रिया को लेकर मतदान स्थल के बाहर व अंदर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। बाहर में न्यायालय परिसर में प्रत्याशी जहां अपने लिए वोट अपील करते देखे गए तो वहीं उनके जूनियर भी लगातार अपने सीनियर को जीत दिलाने के लिए के लिए वोट अपील करते रहे।

जिसमें से कुल 1057 अधिवक्ताओं में से 774 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह कटघोरा में 271 अधिवक्ताओं में 194 अधिवक्ताओं ने वोट किया। हरदीबाजार में 35 अधिवक्ताओं में से 32 अधिवक्ताओं ने तो पाली में 43 में से 36 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले से कुल 1007 अधिवक्ताओं ने मतदान किया है। सभी प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटी में कैद हो गई है और 10 अक्टूबर से मतगणना प्रारंभ होगी।

## एसईसीएल समेत पांच अनुषंगी कंपनियां अप्रैल से दिसंबर के उत्पादन लक्ष्य से चूकी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल, सीसीएल और ईसीएल सहित कोल इंडिया की 5 सहायक कंपनियाँ इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल-दिसंबर अवधि के लिए अपने उत्पादन लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया है। अप्रैल दिसंबर अवधि के लिए निर्धारित 133 मिलियन टन (एमटी) लक्ष्य के मुकाबले एसईसीएल के 111.54 मिट्रिक टन कोयला उत्पादन किया है।

**खास बात**

- डब्ल्यूसीएल, एमसीएल, एनईसी ने हासिल किया उत्पादन लक्ष्य

सेंट्रल कोल्डफिल्ड्स लिमिटेड (सासीएल) का उत्पादन 57.73 मीट्रिक टन रहा, जबकि लक्ष्य 66.48 मीट्रिक टन था। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का उत्पादन 29.07 मींट्रिक टन रहा, जबकि लक्ष्य 31.90 मीट्रिक टन था। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) का वास्तविक उत्पादन 33.82 मिट्रिक टन रहा, जबकि लक्ष्य 35.35 मीट्रिक टन था। कोल इंडिया के आंकडों के अनुसार, नॉर्दर्न कोलफील्डस का उत्पादन 104.90 मीट्रिक टन रहा, जबकि लक्ष्य 105.12 मीट्रिक टन था। दूसरी ओर कोल इंडिया की शाखाएं वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल), महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) और नॉर्थ ईस्ट्रन कोलफील्ड्स (एनईसी) कोल इंडिया लिमिटेड की एक इकाई अपने लक्ष्य से आगे हैं। डब्ल्यूसीएल ने 44.66 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 45.10 मीट्रिक टन कोयला उत्पादन किया। एमसीएल का उत्पादन 158.79 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 161.02 मीट्रिक टन रहा। एनईसी के मामले में कोयला उत्पादन 1.8 टन रहा, जबकि लक्ष्य 1.2 लाख टन था। कोल इंडिया की कुल 8 सहायम कंपनियां है। घरेलू कोयला उत्पादन में कंपनियों का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है।

# विजयदशमी से पूर्व रावण दहन की तैयारी पर मौसम का लगा ग्रहण



बारिश से भीगा रावण का पुतला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विजयदशमी से पहले रावण दहन की तैयारियों पर मौसम का असर देखने को मिला। मंगलवार की दोपहर हुई तेज बारिश के कारण रावण के पुतले भीग गए, जिससे उन्हें बनाने वाले कलाकारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार बारिश से पुतले पूरी तरह भीग गए हैं, जिससे उन्हें फिर से सुखाने और ठीक करने में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। सूखने में परेशानी के कारण दहन में भी दिक्कत आ सकती है।

**खास बातें**

- शहर में रावण दहन से पहले भीगा रावण पुतला, बारिश से बढ़ी मुश्किलें
- बारिश के बाद कलाकार अब पुतले को सुखाने में लगे

22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि धूमधाम से मनाई जा रही है। 2 अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर शहर की कई दुर्गा उत्सव समितियां रावण दहन की भव्य तैयारी में जुटी हुई है। मुड़ापार दुर्गा उत्सव समिति ने 9 दिनों तक डांडिया का आयोजन किया, जिसके बाद विजयदशमी मनाई जाएगी। समिति के सदस्यों के अनुसार इस बार नवरात्रि में मौसम का मिजाज बदला हुआ था। हल्की बूंदाबांदी के बावजूद डांडिया प्रेमियों ने उत्साह दिखाया। विजयदशमी से पहले मंगलवार की दोपहर हुई झमाझम बारिश ने रावण बनाने वाले कलाकारों की मुश्किलें बढ़ा दीं।

### बारिश के कारण नहीं सूख रहा पुतला

एसईसीएल वॉलीबॉल मैदान में रावण तैयार कर रहे समिति के सदस्यों ने बताया कि सुबह से ही हल्की बारिश और बादल छाए हुए थे, जो दोपहर होते ही तेज बारिश में बदल गए। रावण बनाने वाले समिति के सदस्य गौरव गर्ग ने बताया कि उन्हें रेलवे कॉलोनी दुर्गा उत्सव समिति और दो अन्य समितियों के लिए रावण बनाने का काम मिला है। गर्ग ने बताया कि नवरात्रि शुरू होने के बाद से मौसम कभी धूप, कभी छांव और बारिश वाला रहा है, जिससे रावण के अंग सूख नहीं पा रहे हैं। कोरबा के पुराना बस स्टैंड, रवि शंकर नगर, एमपी नगर सहित कई स्थानों पर रावण दहन किया जाएगा। हालांकि, मौजूदा मौसम के कारण रावण दहन में बाधा आने की आशंका है। लोगों का मानना है कि इस साल मौसम में काफी बदलाव आया है, जिसके चलते नवरात्रि में अब तक ठंड महसूस नहीं हुई और कभी धूप तो कभी बारिश का सिलसिला जारी है।

### वृद्ध ने जहर खाकर कर ली आत्महत्या

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चुईया निवासी दुलार साय कंवर 60 वर्ष पिता स्वर्गीय तेजराम कंवर ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला कि उसने जहर सेवन कर लिया है जिसके बाद उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान दुलार साय की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# निगम आयुक्त ने विभागवार कार्यों की समीक्षा कर निराकरण हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक में उपस्थित अधिकारी व प्रभारी कलेक्टर निगम आयुक्त।

कलेक्टर के निर्देशन में निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्या की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन करने एवं आमजनों को प्राथमिकता से लाभांवित करने के निर्देश दिए। बैठक में निगामायुक्त श्री पाण्डेय ने जिले में संचालित शासकीय कार्या की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं का आमजनों को प्राथमिकता से लाभ पहुँचाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आमजनों को राहत पहुँचाने हेतु जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन पर गम्भीरता से ध्यान देने की बात कही।

**खास बात**

- कलेक्टर सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक हुई आयोजित

उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड, व्यवन्दन कार्ड निर्माण कार्य मे प्रगति लाने एवं शीघ्रता से वंचित लोगों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। साथ ही वंचितों के आधार अपडेशन कार्य को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं लो वोल्टेज की समस्या वाले इलाकों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियो को निर्देश दिए, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की समस्या न हो। युक्तियुक्त करण के पश्चात जॉइन नही करने वाले शिक्षकों पर भी गम्भीरता से कार्यवाही करने की बात कही। निगामायुक्त ने सभी विभागों को ई ऑफिस के माध्यम से ही सभी फाइलें आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। वनाधिकार पट्टा के लम्बित प्रकरणों को भी शीघ्रता से जिला स्तरीय समिति से अनुमोदित कराकर पत्र हितग्राहियों को वितरित कराने की बात कही। उन्होंने आरबीसी 6-4 व सड़क दुर्घटना में होने वाले मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए यथाशीघ्र लंबित आवेदनों की जांच करने दस्तावेजों की पूर्ति कर पीड़ित परिजनों को राहत दिलाने के निर्देश दिए। श्री पाण्डेय ने विभिन्न विभागों में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित सभी आवेदनों को जल्द से जल्द जांच कर निराकृत करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायत विभाग एवं नगरीय निकाय जैसे विभागों से सम्बंधित टीएल के प्रकरण आमजनों के हितों से जुड़े होते है, इस हेतु इनका निराकरण यथाशीघ्र होनी चाहिए , जिससे लोगों को फायदा मिले एवं उनका शासन प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत बने। इसी प्रकार उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल, जन शिकायत के विभागों में लंबित सभी प्रकरणों को भी तत्परता से निराकृत करने के लिए निर्देशित किया।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह सितम्बर 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह सितम्बर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

### ठेकेदार की साइट से सामानों की चोरी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एलआईजी 68 पं. रविशंकर नगर निवासी संजय कुमार पाण्डेय पिता स्व. भरत पाण्डेय सिविल कांट्रेक्टर का कार्य करता है। संजय कुमार के द्वारा पीएचई विभाग से बालको थाना क्षेत्र के ग्राम औराकछार में पानी टंकी निर्माण का कार्य लिया गया है। पानी टंकी निर्माण हेतु लोहा, सिमेंट, डाई कस्टर मशीन को जयपाल सिंह के घर के बगल में रखवाया था। टंकी निर्माण कार्य के लिए सहरसा बिहार के लोगों को रखा था। 26 सितंबर की सुबह ग्राम औराकछार निवासी रामेश्वर यादव ने संजय को फोन कर बताया कि साइट से लोहा, सीमेंट, डाई कट्टर मशीन कीमती लगभग 85 हजार रुपए के सामान को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। संजय कुमार की रिपोर्ट पर बालको पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।




## नगर निगम द्वारा आयोजित श्रीरामलीला में पहुंचे महाराज

# रामलीला के मंचन व दर्शन से नष्ट हो जाते हैं मनुष्य के पाप: श्रीरामभद्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रभु श्रीराम की जीवनलीला श्रीरामलीला के मंचन एवं दर्शन मात्र से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते हैं। उन्होने निगम द्वारा किए जा रहे रामलीला आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि दक्षिण कौशल माँ कौशिल्या के प्रकाट्य स्थल छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यवसायिक नगरी कोरबा में बनारस की मण्डली द्वारा रालीला के मंचन का यह आयोजन मन को प्रफुल्लित व आनंदित कर रहा है।

उक्त बातें नगर निगम द्वारा आयोजित रामलीला में पधारे जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य महाराज ने कही। श्रीरामलीला के दूसरे दिन सोमवार को चित्रकुटधाम से कोरबा पधारे जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य महाराज ने अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति प्रदान कर श्रद्धालुओं व आयोजनकर्ताओं को अपना आशीर्वचन दिया। जगद्गुरू ने कहा कि जिनसे सबका मंगल होता है, वे राम हैं, राम शब्द में राष्ट्र का मंगल निहित है, उन्होंने कहा कि रा से राष्ट्र व म से मंगल, अर्थात प्रभु श्रीराम के नाम में ही राष्ट्र का मंगल, हम सबका कल्याण छिपा है। आचार्यश्री ने कहा कि रामलीला में प्रभु श्रीराम की भूमिका का निर्वहन करने वाले पात्र में रामत्व का अंश आज जाता है, अतः जो भी पात्र प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाता है, उसे सदैव पवित्रता का आचरण करना चाहिए। आयोजन के दूसरे दिन आयोजन स्थल पर पधारे जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य का महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों ने महाराजश्री की आगवानी की एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य ने आयोजन की प्रशंसा की तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयोजन समिति को साधुवाद दिया। 1 अक्टूबर को सेतुबंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ रावण वध व राज्याभिषेक तथा अंतिम दिवस 2 अक्टूबर को लेजर शो में रामायण प्रदर्शन, आतिशबाजी एवं रावण दहन के कार्यक्रम रखे गए हैं।



जगतगुरु से भेंट करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

### श्रीराम कथा श्रवण करने पहुंचे सीएम विष्णुदेव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जिले के प्रवास के दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। वे भवानी मंदिर स्थित कौशल्या धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कथा स्थल पर जगद्गुरु से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। और कुछ समय रुककर राम कथा भी सुनीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना करते हुए जगद्गुरु से छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास हेतु आशीर्वाद मांगा। श्री साय भवानी मंदिर के बाद सर्वमंगला मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जगद्गुरु से मुख्यमंत्री की यह भेंट धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सरकार की आस्था और सम्मान को प्रदर्शित करती है।

